SQ 10
by mail
C.O(Q)
7/8/23


**Bhavya Bishnoi**
Member of Legislative Assembly (Adampur, Haryana)
Vice President, Bhajan Global Impact Foundation


## तारांकित प्रश्न/STARRED QUESTION

क्रमांक : 04/बीबी/2023 दिनांक : 05.08.2023

प्रेषक : **भव्य बिश्नोई,** विधायक-आदमपुर।

सेवा में,

सचिव,
हरियाणा विधानसभा,
चंडीगढ़।

**श्रीमान,**

**हरियाणा विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमों के तहत मैं निम्नलिखित तारांकित प्रश्नों की सूचना देता हूं।**

**प्रश्न संख्या :** 1

**क्या माननीय उपमुख्यमंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे ?**

क. आदमपुर मंडी बाईपास से बस स्टेंड, मंडी आदमपुर से सदलपुर, मंडी आदमपुर से सीसवाल, काबरेल, हिसार से बगला-घुड़साल रोड का निर्माण कब तक शुरू हो पाएगा ?

ख. आदमपुर मंडी में फाटक नं. 114-सी पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, जिसमें 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, परंतु तीन माह से कार्य बंद है। रेलवे विभाग का काम पूरा होगा चुका है। पीडब्ल्यूडी बीएण्डआर विभाग का काम बाकी है।

ग . इस ओवरब्रिज का बाकी बचा निर्माण कार्य कब तक शुरू हो पाएगा ?

घ. आदमपुर मंडी के क्रांति चौक रेलवे फाटक नं. 113-सी पर अंडरपास बनाने की विभाग की क्या योजना है ?

ड. अग्रोहा से आदमपुर होते हुए राजस्थान बॉर्डर तक फोरलाईन बनाने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जिसका एस्टीमेट भी बन चुका था। इसका बजट कब जारी होगा और कब तक काम शुरू होगा?

**प्रश्न संख्या : 2**

**क्या माननीय उपमुख्यमंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे?**

क. आदमपुर मंडी जो कि अभी नगरपालिका बनी है, यहां पर रजिस्ट्री के लिए स्थानीय लोगों को काफी परेशानी आ रही है। लोगों को एनडीसी (नो ड्यूज सर्टिफिकेट) के लिए सी.एस.सी. सेंटर पर आपत्ति दर्ज करवानी पड़ती है, उसके एक महीने बाद एनडीसी जारी होती है, जिससे लोगों के 5-6 हजार रूपए खर्च हो जाते हैं।

ख. इस जटिल रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल करने की विभाग की क्या योजना है?

ग. आदमपुर, मोहब्बतपुर, ढाणी मोहब्बतपुर की जमीन की चकबंदी का काम पूरा नहीं हुआ है और यह काम काफी सुस्त चल रहा है। इस कार्य में तेजी लाकर कब तक चकबंदी का काम पूरा हो पाएगा?

**प्रश्न संख्या : 3**

**क्या माननीय सिंचाई मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे ?**

क. आदमपुर हलके के अंतर्गत आने गांव काबरेल में सीसवाल-किशनगढ़ ब्रांच से निकलकर प्रस्तावित नहर का निर्माण, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री जी ने 2016 में की थी।

ख. इस नहर के निर्माण की प्रक्रिया कब तक शुरू होगी और कब तक इसका निर्माण हो पाएगा?

ग. नहरों की टेल तक पूरा पानी पहुंचाने के लिए विभाग की क्या योजना है?

घ. आदमपुर हलके की ढाणियों में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने की विभाग की क्या योजना है?

**प्रश्न संख्या : 4**

**क्या माननीय शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे ?**

क. आदमपुर हलके के गांव काबरेल, बगला, ठसका, सलेमगढ़, खैरमपुर, खारा बरवाला, डोभी कन्या स्कूल, झिड़ी, संजय नगर, चंदन नगर, बीड़ बबरान के सरकारी सरकारी स्कूलों को कब तक अपग्रेड कर दिया जाएगा?

ख. बालसमंद में प्रस्तावित चौ. भजनलाल महिला कॉलेज का निर्माण कब तक शुरू हो पाएगा?

ग. फिरोज गांधी मैमोरियल कॉलेज आदमपुर में प्रस्तावित खेल ग्राउंड पर कार्य कब तक शुरू होगा?

घ. आदमपुर गांव स्टेडियम के पास महिला कॉलेज निर्माण के लिए जमीन आंवटित हो चुकी है। कब तक इस पर कार्य शुरू हो पाएगा?

**प्रश्न संख्या : 5**

**क्या माननीय बिजली मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे ?**

क. आदमपुर विधानसभा क्षेत्र के ज्यादातर गांवों में लोग खेतों में बनी हुई ढाणियों में रहते हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं तथा नए कनैक्शन के लिए बजट भरने में असमर्थ हैं। ढाणियों में नए बिजली कनैक्शन के लिए बजट भरने में असमर्थ लोगों के लिए विभाग के पास क्या योजना है?

ख. कालीरावण गांव में बिजली घर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी, परंतु अब बंद है। कब तक इस पर पुनः काम शुरू होगा ?

**प्रश्न संख्या : 6**

**क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे ?**

क. आदमपुर से चंडीगढ़ व नई दिल्ली प्रतिदिन अनेक यात्री यात्रा करते हैं। यहां से चंडीगढ़ व नई दिल्ली के लिए बस सेवा उपलब्ध नहीं है। क्या विभाग आदमपुर से सीधे चंडीगढ़ व नई दिल्ली के लिए बस सेवा शुरू करेगा ?

ख. आदमपुर में चुली, दड़ौली, फतेहाबाद रूट तथा आदमपुर से खासा-महाजन, फतेहाबाद रूट पर यात्रियों को देखते हुए बसों की सेवा काफी कम है। क्या विभाग यहां पर बसों की सेवाओं को बढ़ाएगा ?

ग. आदमपुर बस स्टेंड का नवीनीकरण कब तक हो पाएगा ?

**प्रश्न संख्या : 7**

**क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे ?**

क. आदमपुर के सरकारी अस्पताल में एक्सरे मशीन के लिए स्टाफ, फिजीशियन, सर्जन का पद खाली है तथा टेस्टों के लिए लैब और अल्ट्रासाउंड मशीन की कमी है।

ख. कब तक आदमपुर सरकारी अस्पताल में स्टाफ की भर्ती हो पाएगी और जरूरी मशीनें आ पाएंगी ?

ग. आदमपुर के सरकारी अस्पताल में कब तक आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध हो पाएंगी ?

घ. क्या आदमपुर सरकारी अस्पताल में मेडिकल छात्राओं की नर्सिंग क्लास शुरू हो सकती है ?

**प्रश्न संख्या : 8**

**क्या माननीय पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे ?**

क. आदमपुर हलके की बड़ी संख्या में आबादी ढाणियों में रहती है। ज्यादातर ढाणियों के मार्ग कच्चे हैं।

ख. क्या विभाग के पास इन मार्गों को पक्का करने की कोई योजना है ?

**प्रश्न संख्या : 9**

**क्या माननीय मुख्यमंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे ?**

क. सारंगपुर, चिकनवास, बालसमंद, सदलपुर, किशनगढ़, खारा बरवाला, खारिया, आदमपुर गांव, मोडाखेड़ा, खैरमपुर, महलसरा, ठसका व ढंढूर में खेलों से संबंधित विभिन्न मांगों की सूची खेल विभाग को भेजी थी।

ख. इन गांवों में खेलों से जुड़ी मांगे कब तक पूरी होंगी ?

**प्रश्न संख्या : 10**

**क्या माननीय शिक्षा मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे ?**

क. केन्द्र सरकार ने हाल ही में नई शिक्षा नीति लागू की है। इस नई शिक्षा नीति के तहत सिर्फ 12वीं कक्षा बोर्ड की रहेगी और मुख्यमंत्री जी कई बार यह कह चुके हैं कि हरियाणा नई शिक्षा नीति को सबसे पहले लागू करेगा, परंतु शिक्षा विभाग के चेयरमैन बार-बार ये कह रहे हैं कि 8वीं कक्षा बोर्ड की जाएगी। ऐसे में यह कैसे संभव है ?

ख. हरियाणा के शिक्षा विभाग का इस पर क्या पक्ष है ?

ग. प्राईवेट स्कूल बसों पर प्रदेश सरकार ने पैसेंजर टैक्स लगाया है, जो कि पूर्व में नहीं था। इससे गरीब परिवारों के छात्रों पर आर्थिक बोझ पर पड़ा है। छात्रों की शिक्षा अति महत्वपूर्ण है। क्या विभाग स्कूल बसों पर लगाया गया पैसेंजर टैक्स हटाएगा ?

भवदीय,

**भव्य बिश्नोई**
**विधायक- आदमपुर।**

107 Nai Anaj Mandi, Adampur, Hisar, Haryana 125052 I 135 Golf Links, New Delhi 110003
+91 98718 77777 I bbhavyabishnoi@gmail.com
@bbhavyabishnoi I www.bhajanfoundation.org